# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्व का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, रविवार 07 अप्रैल 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-186

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राजधानी दिल्ली में पारा चढ़ा, आंधी आने की आशंका

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह धूपभरी रही। अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना हैं। दोपहर के बाद गरज के साथ आंधी आने की भी आशंका है। न्यूनतम तापमान मौसम के सामान्य तापमान से तीन डिग्री ज्यादा 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा, सुबह आसमान साफ रहा। दोपहर के बाद गरज के साथ आंधी भी आ सकती है। सुबह 8.30 बजे आर्द्रता 58 प्रतिशत दर्ज की गई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान मौसम के सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा 39.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### ईरान में बाढ़ ने मचाई भारी तबाही, अब तक 70 की मौत

तेहरान (आरएनएस)। ईरान में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण आई बाढ़ से कम से कम 70 लोगों की मौत हो चुकी है और 791 अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ईरानी मीडिया में आ रही खबरों के मुताबिक चार लोग अभी भी लापता हैं जबकि 791 से अधिक लोग घायल हुए हैं। ईरानी रेड क्रिसेंट के प्रमुख मुर्तजा सलीमी ने कहा कि ईरान के बाढ़ प्रभावित 293 शहरों और गांवों में सहायता पहुंचाई जा रही है। पोलडोख्तर और मामोलन शहर बाढ़ के कारण सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। इन शहरों में आपातकालीन विभाग की टीमों को रवाना कर दिया गया है। बाढ़ के कारण प्रभावित क्षेत्रों में सड़क मार्ग से पहुंचने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए लोगों को विमानों द्वारा राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। मेडिकल टीमों को भी लोगों की मदद के लिए प्रभावित इलाकों में भेज दिया गया है। इससे पहले ईरानी कानूनी चिकित्सा संगठन (आईएलएमओ) ने कहा था कि फार्स और लोरेस्तान बाढ़ के कारण सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। ईरान के पश्चिम क्षेत्र में बाढ़ के कारण दर्जनों गांव बह गए हैं।

### कार पलटने से 4 की मौत, 5 गंभीर

उज्जैन (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार कार के पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गई और अन्य पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार, धार जिले के कानवन गांव का रहने वाला परिवार उज्जैन में एक रिश्तेदार के यहां कार्यक्रम में हिस्सा लेने आया था और शुक्रवार को कार से वापस अपने गांव लौट रहा था। बड़नगर रोड पर नलवा गांव के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा महाकाल थाना क्षेत्र में हुआ। पुलिस के अनुसार, इस हादसे में चार लोगों की मौत हुई, वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

### बीसीसीआई लोकपाल श्रीसंत की दी सजा पर पुनर्विचार करे: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि 2013 में आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग मामले में कथित तौर पर शामिल पूर्व भारतीय क्रिकेटर एस श्रीसंत को मिले दंड की मात्रा पर बीसीसीआई लोकपाल न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) डीके जैन तीन महीने के भीतर पुनर्विचार करें। न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति केएम जोसेफकी पीठ ने यह निर्देश बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया (बीसीसीआई) की याचिका पर दिये। बीसीसीआई ने कहा था कि उसकी अनुशासन समिति ने यह मामला उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त विशेष लोकपाल को भेज दिया है। इससे पहले 15 मार्च को उच्चतम न्यायालय ने बीसीसीआई की अनुशासन समिति के श्रीसंत के इस मामले में कथित तौर पर शामिल होने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने के आदेश को दरकिनार कर दिया था। तब न्यायालय ने कहा था कि अनुशासन समिति को तीन महीने के भीतर श्रीसंत को दी गई सजा की मात्रा पर पुनर्विचार करना चाहिये।

# परिवार और पैसों से नहीं भाजपा कार्यकर्ताओं के पसीना से बना दल: मोदी

सुन्दरगढ़ (ओडिशा) (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परिवारवाद पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा परिवार और पैसों से नहीं कार्यकर्ताओं के पसीने से बना दल है। भाजपा के 39वें स्थापना दिवस के मौके पर शनिवार को यहां लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करने आए मोदी ने परिवारवाद और धन से बनी पार्टियों पर हमला करते हुए कहा हम परिवार पर आधारित नहीं हैं और न ही हम लोग पैसों पर आधारित हैं। कई पार्टियां पैसों से बनी हैं, किंतु भाजपा कार्यकर्ताओं के पसीने से बना दल है।

उन्होंने कहा कि भाजपा उधार के आदर्शों से बना दल नहीं है। भाजपा



ने देश के लोगों की धारणाओं से जन्म लिया है। प्रधानमंत्री ने रैली में आई भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, मुझे बताया गया कि पहली बार देश का कोई प्रधानमंत्री सुंदरगढ़ आया है, किंतु आज भी कोई प्रधानमंत्री यहां नहीं आया है, आज तो ओडिशा का प्रधानसेवक अपने मालिकों से आशीर्वाद लेने आया है। उन्होंने केरल और पश्चिम बंगाल का जिक्र करते हुए कहा कि वहां भाजपा के कार्यकर्ताओं की हत्याएं की गई। इसके बावजूद पार्टी के कार्यकर्ताओं का हौसला और मनोबल गिरा नहीं पाये हैं। श्री मोदी ने कहा वर्तमान में भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक दल है। देश को कांग्रेस और उससे निकली हुई पार्टियों के सामने एक मजबूत विकल्प देने का काम भाजपा ने किया है। भाजपा युवा भारत की पार्टी है।

उन्होंने कहा वर्तमान में भाजपा का ध्वज ऐसे स्थानों पर भी लहरा रहा है जिसकी पहले कभी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। मोदी ने कहा आज भाजपा की सरकारें देश के चारों कोनों में हैं। लोग भाजपा से प्यार करते हैं और वह उनके दिल में बसी हुई है। भाजपा सबसे बड़ा लोकतांत्रिक दल है और समाज के सभी वर्ग के लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने भाजपा के संस्थापकों में एक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कविता को उद्धत करते हुए कहा अटल जी ने कहा था अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। आज जब मैं ओडिशा आया हूं, तो मैं देख रहा हूं की चाहे केंद्र हो या राज्य यहां कमल खिलना तय है। उन्होंने भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को नमन करते हुए कहा कि उनके परिश्रम से ही आज देश में पूर्ण बहुमत की सरकार है और अब उनके ही परिश्रम से, देश में एक बार फिर पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है।

## भारतीय जनता पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए शत्रुघ्न सिन्हा

नईदिल्ली (आरएनएस)। शत्रुघ्न सिन्हा कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। सिन्हा शनिवार को नई दिल्ली में कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल, शक्ति सिंह गोहिल एवं रणदीप सिंह सुरजेवाला की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हुए। शक्ति सिंह गोहिल ने कहा कि बिहार में अलग से इनको चाहने वाला वर्ग है। इनके शामिल होने से हमें बिहार में मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि शत्रुघ्न सिन्हा जी आज कांग्रेस परिवार में शामिल हो गये हैं। हम उनका तहेदिल से स्वागत करते हैं। जब कोई झूठ बोलता है तो शत्रुघ्न जी कहते हैं खामोश!



कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस परिवार और भारत के लोगों के लिये आज बेहद खुशी का क्षण है कि शत्रुघ्न सिन्हा कांग्रेस में शामिल हो गये हैं। हम उनका स्वागत करते हैं।

कांग्रेस जॉइन करने के बाद शत्रुघ्न ने कहा कि स्थापना दिवस पर बीजेपी छोड़ी है। उन्होंने कहा कि उन्हें कई लोगों ने कांग्रेस में आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा हमने भारतीय जनता पार्टी में धीरे-धीरे लोकतंत्र को तानाशाही में परिवर्तन होते हुए देखा। मेरा कसूर यही था कि मैं सच्चाई और सिद्धांतों पर टिका रहा। सिन्हा ने कहा कि हमने देश हित में किसानों, युवाओं और रोजगार की बातें कीं। अगर हमने नोटबंदी के खिलाफ बोला तो हम बागी हो गये? अगर सच कहना बगावत है तो से समझो हम भी बागी हैं!

## दिल्ली में कांग्रेस-आप का गठबंधन लगभग तय

### 3-4 का निकला फॉर्मूला

नईदिल्ली (आरएनएस)। लंबे समय से चल रही हां और ना के बीच आखिरकार दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच गठबंधन पर सहमति बन गई है.सीटों का बंटवारा भी हो गया है. कांग्रेस और आप दोनों ही पार्टियां 3-3 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी, जबकि एक सीट पर दोनों पार्टियां सहमति से अपना उम्मीदवार उतारेंगी.

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर आज अहम बैठक बुलाई थी. बैठक में राहुल गांधी ने पूछा कि गठबंधन के बिना कांग्रेस कितनी सीटें जीत सकती है? जिस पर पीसी चाको ने कहा सभी सीटों पर जीतने के संभावना है. क्योंकि वोट बीजेपी उम्मीदवार के खिलाफ डलेगा. जिसके बाद राहुल गांधी



ने गठबंधन को लेकर सकारात्मक संकेत दिए. कांग्रेस के दो बड़े नेता गुलाम नबी आजाद और अहमद पटेल, दिल्ली हरियाणा और पंजाब में आप के साथ गठबंधन को लेकर संपर्क में हैं. 11 अप्रैल को सीईसी की बैठक है जिसके पहले गठबंधन पर ऐलान संभव है. गौरतलब है कि दिल्ली और हरियाणा में 12 मई को मतदान होना है, ऐसे में दोनों ही राज्यों में आप और कांग्रेस में गठबंधन हो तो राजनीति नजरिये से भी कोई ताज्जुब की बात नहीं होगी.

## वंदेभारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी करने वालों की होगी पहचान

### » रेलवे उठाया बड़ा कदम

नईदिल्ली (आरएनएस)। नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी तक चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस यानी ट्रेन 18 पर लगातार हो रही पत्थबाजी की घटनाओं पर भारतीय रेल ने कड़ा रुख अपनाया है।

रिपोर्ट के अनुसार पत्थरबाजी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए ट्रेन पर कैमरे लगाने का फैसला किया है. भारत भारतीय रेल ने वंदेभारत एक्सप्रेस पर चार कैमरे लगाये हैं.



इंजनलेस ट्रेन के 12 गिलास अब तक बदले गए हैं. रिपोर्ट के अनुसार रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के महानिदेशक ने कहा कि 17 मार्च को पथराव की घटना हुई और हमने कैमरे की मदद ली. कैमरों के जरिये हमें मदद मिली जिससे हम उस इलाके की पहचान कर से जहां से पत्थरबाजी हुई थी.

इससे पहले 24 फरवरी को डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस एक जानवर से टकरा गई जिसके चलते ट्रैक पर बिछी गिट्टियां उड़कर वंदे भारत एक्सप्रेस की खिड़कियों पर जा पड़ी थी. गिट्टियों की वजह से ट्रेन की खिड़कियों के कांच और ड्राइवर की विंड स्क्रीन को नुकसान पहुंचा था. पत्थरों से ड्राइवर की विंड स्क्रीन और कोच नंबर सी4, सी6, सी7, सी8, सी13 के एक-एक और सी12 के दो विंडो पैन को नुकसान पहुंचा है.

सेमी हाई स्पीड ट्रेन 18 का नाम हाल में वंदे भारत एक्सप्रेस कर दिया गया था. यह ट्रेन अधिकतम 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है. इसमें शताब्दी ट्रेनों से भी बेहतर सुविधा इसमें है. इस सेमी-हाई स्पीड ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से किया था. हालांकि, आम लोगों के लिए ट्रेन का परिचालन 17 फरवरी से शुरू हुआ था.

## हमने मार गिराया था पाक का एफ-16

### वायु सेना ने खारिज की यूएस मीडिया रिपोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। एक अमेरिकी पत्रिका के भारत द्वारा पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमान को मार गिराए जाने के दावे पर सवाल उठाए जाने के बाद भारतीय वायु सेना ने आज फिर दोहराया कि गत 27 फरवरी को उसने पाकिस्तान के एफ-16 विमान को मार गिराया था और उसके पास इसके पारिस्थितिजन्य सबूत हैं। वायु सेना के एयर वाइस मार्शल आर जी के कपूर ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि गत 27 फरवरी को वायु सेना ने पाकिस्तानी वायु सेना के विमानों की भारतीय ठिकानों को निशाना



बनाने की कोशिश को विफल कर दिया था और इस दौरान भारतीय मिग-21 बाइसन विमान ने नौशेरा सेक्टर में पाकिस्तान के एक एफ-16 विमान को मार गिराया था।

उन्होंने कहा कि अग्रिम मोर्चों पर तैनात भारतीय सेना ने पुष्टि की है कि उस दिन दो अलग -अलग जगहों पर दो पायलटों को पैराशूट से छलांग लगाते हुए देखा गया। इन दोनों पायलटों के बीच 8 से 10 किलोमीटर का फासला था। उन्होंने कहा कि जो दो विमान गिरे थे उनमें से एक भारत का मिग-21 था और दूसरा पाकिस्तानी वायु सेना का विमान था। बाद में पाकिस्तानी विमान के इलैक्ट्रानिक सिग्नेचर से इस बात का पता चला कि यह एफ-16 लड़ाकू विमान ही था।

अमेरिकी पत्रिका में छपे लेख में कहा गया है कि अमेरिका ने हाल ही में पाकिस्तान के एफ-16 विमानों की गिनती की है और उनमें कोई विमान कम नहीं है। वायु सेना के सूत्रों ने कहा है कि उनके पास एफ-16 विमान को मार गिराने के पारिस्थितिजन्य सबूत हैं। पहला मार गिराये गये विमान की इलैक्ट्रानिक सिग्नेचर से पुष्टि होती है कि यह एफ-16 ही था।

## घर में घुसा अनियंत्रित ट्रक, 8 लोगों की मौत

बेगूसराय (आरएनएस)। बेगूसराय में सड़क दुर्घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि एक नियंत्रित ट्रक सड़क किनारे बने घर में घुस गया, जिसमें वहां मौजूद 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। इसकी पुष्टि भी हो चुकी है। घटना में तीन घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि इसमें मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। मौके पर पुलिस पहुंच गई है और घायलों को अस्पताल पहुंचाने की कवायद में लगी है। हालांकि अपुष्ट खबरों के अनुसार अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है।

घटना बेगूसराय के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नया टोला कोरिया के पास की है जहां एक अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे बने घर में घुस गया, जिससे ये बड़ा हादसा हुआ है।

## एलओसी पर भारत-पाक सेना में गोलीबारी

### शोपियां में चुनावी सामग्री वाली बस पर हमला

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास शुक्रवार को भारत और पाकिस्तानी सेना के बीच भारी गोलीबारी हुई। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने कहा कि नौशेरा सेक्टर में अपराह्न 2.40 बजे पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के मोर्टार से गोलाबारी और छोटे हथियारों से गोलीबारी की। अधिकारी ने कहा, भारतीय सेना भी इसका माकूल जवाब दे रही है।

उधर, श्रीनगर में दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में चुनावी सामग्री लेकर आ रही जम्मू-कश्मीर परिवहन निगम की एक बस पर



गुरुवार देर रात अज्ञात लोगों ने स्वचालित हथियारों से हमला किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि तुर्कवानगाम गांव के समीप इस बस पर अज्ञात लोगों ने स्वचालित हथियारों से हमला किया और इस दौरान बस को काफी नुकसान हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे लेकिन हमलावर उनके आने से काफी पहले ही वहां से फरार हो गए थे। सूत्रों ने बताया कि हमलावरों की तलाश में सघन अभियान छेड़ दिया गया है।

## गेहूं की कटाई के बाद हेमा मालिनी ने चलाई ट्रैक्टर

मथुरा (आरएनएस)। मथुरा से बीजेपी सांसद हेमा मालिनी एक बार फिर से चुनावी मैदान में हैं. ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी अलग-अलग अंदाज में चुनाव प्रचार कर रही हैं. कभी खेत में जाकर ट्रैक्टर चलाती हैं तो कभी गेहूं काटती नजर आती हैं. आज एक बार फिर हेमा मालिनी अलग अंदाज में वोट मांगने निकलीं. उन्होंने ट्रैक्टर चलाकर वोटरों के बीच वोट मांगा. हेमा मालिनी ने रविवार 31 मार्च से संसदीय क्षेत्र मथुरा में अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत खेत में काम कर रही महिलाओं से मुलाकात करके की. उन्होंने 25 मार्च को अपना नामांकन दाखिल किया था. नामांकन से पहले उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मथुरा के बांके बिहारी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की थी. इसके बाद उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया था.



नामांकन के मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ भी उनके साथ मौजूद रहे. हेमा मालिनी ने नामांकन के समय दिए शपथ-पत्र में अपनी संपत्ति 101 करोड़ रुपए घोषित की है. एफिडेविट के अनुसार पिछले 5 साल में उनकी संपत्ति 34 करोड़ रुपए बढ़ी है. वहीं, हेमा मालिनी का ट्रैक्टर चलाते हुए फोटो उनकी बेटी ईशा देओल ने भी शेयर किया. उन्होंने कहा कि बसंती अब आगे बढ़ रही है. कभी तांगा चलाती थी अब वो ट्रैक्टर चला रही हैं.

## कांग्रेस अध्यक्ष को भाषा की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए

### राहुल के आडवाणी पर दिए बयान पर सुषमा की नसीहत

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठतम नेताओं में शुमार लालकृष्ण आडवाणी को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की टिप्पणी पर विवाद बढ़ता दिख रहा है. बीजेपी की वरिष्ठ नेता और विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने राहुल पर करारा प्रहार किया है. सुषमा स्वराज ने कहा कि राहुल गांधी को भाषा की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए.



गुरु-शिष्य का रिश्ता होता है न. मोदीजी के गुरु कौन हैं, आडवाणीजी. शिष्य गुरु के सामने हाथ भी नहीं जोड़ता. स्टेज से उठाकर फेंक दिया नीचे गुरु को.... जूता मारके आडवाणीजी को उतारा स्टेज से और हिंदू धर्म की बात करते हैं. हिंदू धर्म में कहां लिखा है कि लोगों को मारना चाहिए.

राहुल को भाषा की मर्यादा बनाए रखने की नसीहत देते हुए सुषमा ने ट्वीट किया, राहुलजी, आडवाणीजी हमारे पिता तुल्य हैं. आपके बयान ने हमें बहुत आहत किया है. कृपया भाषा की मर्यादा रखने की कोशिश करें.

दरअसल महाराष्ट्र के चंद्रपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, हिंदू धर्म में सबसे जरूरी होता है गुरु.

राहुल का यह बयान ऐसे समय आया है, जब बीजेपी ने पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे आडवाणी का इस बार लोकसभा चुनाव का टिकट काट दिया है. आडवाणी की सीट गांधीनगर से पार्टी अध्यक्ष अमित शाह को उम्मीदवार बनाया गया है. वहीं विपक्षी पार्टियां इसे आडवाणी जैसे वरिष्ठ नेता का अपमान बताकर बीजेपी से लगातार हमलावर है.

## इमरान खान के घर के पास से कई जिंदा बम बरामद

### पाकिस्तान में मचा हड़कंप

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान में उस समय हड़कंप मच गया जब प्रधानमंत्री इमरान खान के घर के पास से दर्जनों भर जिंदा बम बरामद किए गए। जानकारी के अनुसार विदेशी मिशन पर तैनात एक वरिष्ठ अधिकारी ने प्रधानमंत्री इमरान खान के घर से सटे एक भूखंड में गोला-बारूद देखें, जिस के बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने इमरान खान के घर के महज कुछ दूरी पर एंटी-एयरक्राफ्ट गन के करीब दर्जन भर जिंदा शैल बरामद किए। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी शुरू कर दी है। काउंटर-टेररिज्म फोर्स क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी और बम डिस्पोजल स्क्वॉड सहित पुलिस की विभिन्न टीमों ने बाद में एंटी-क्राफ्ट बंदूक की 18 गोलियां जब्त की।